# अभ्यास


## देखें, क्या जाना

**1. चित्र देखकर तीन-तीन समानार्थी शब्द लिखो—**

 बंदर  वानर  कपि

 नेत्र  नयन  चक्षु

 ग्रंथ  पुस्तक  पोथी

 नदी  सरिता  तटिनी

**2. समान अर्थ वाले शब्दों को छाँटकर सही जगह पर लिखो—**

पेड़, सागर, अग्नि, भगिनी, वासर, बाल, दिवस, कच, सहोदरा, विटप, जलधि, पावक

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वृक्ष | — | "पेड़" | "विटप" | बहन | — | "भगिनी" | "सहोदरा" |
| समुद्र | — | "सागर" | "जलधि" | दिन | — | "वासर" | "दिवस" |
| आग | — | "अग्नि" | "पावक" | केश | — | "बाल" | "कच" |

**3. रंगीन छपे शब्दों के पर्यायवाची लिखकर वाक्य दोबारा लिखो—**

**क.** दया मानव का धर्म है। "दया मनुष्य का धर्म है।"

**ख.** आकाश में पक्षी उड़ रहे हैं। "आसमान में खग उड़ रहे हैं।"

**ग.** मयंक की इच्छा पायलट बनने की है। "मयंक की कामना पायलट बनने की है।"

**घ.** समुद्र में तैरती नावें सुंदर लग रही हैं। "सागर में तैरती नौकाएँ सुंदर लग रही हैं।"

**ङ.** बड़ों के पाँव छूकर आशीर्वाद लो। "बड़ों के पैर छूकर आशीर्वाद लो।"

**4. जो शब्द दिए गए शब्दों के पर्यायवाची नहीं हैं उनपर ◯ लगाओ—** *(MCQ)*

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आदर | — | (अनुकंपा) | सम्मान | मान | इज्ज़त |
| गणेश | — | लंबोदर | (कान्हा) | गजानन | एकदंत |
| मित्र | — | दोस्त | मीत | साथी | (नृप) |
| कमल | — | पंकज | जलज | (पुष्प) | सरोज |
| माँ | — | अंबा | (नारी) | माता | जननी |
| युद्ध | — | संग्राम | समर | रण | (शीर्ष) |
| तालाब | — | सरोवर | तड़ाग | (तोय) | ताल |
| पानी | — | अंबु | जल | नीर | (बादल) |
| फूल | — | प्रसून | पुष्प | कुसुम | (गुलाब) |